**एनडीडीबी**

**मानक प्रचालन प्रक्रिया**

**परीक्षण सुविधा सहित दूध संकलन केंद्र (डीसीएस/एमपीआई)**

**11 जनवरी 2016**

**उद्देश्य**

कम से कम समय में सुरक्षित तथा उच्च गुणवत्ता दूध के संकलन एवं परीक्षण की सही प्रक्रिया का पालन करने के लिए डीसीएस/एमपीआई पर दूध संकलन कार्मिक को दिशा-निर्देश देना।

**गतिविधियां**

1. दूध संकलन
2. दूध का सैंपल लेना एवं परीक्षण करना
3. संकलन केंद्रों (डीसीएस/एमपीआई) तक दूध का परिवहन करना

| क्या/चरण | | कैसे/मानक |
|---|---|---|
| **प्रारंभिक गतिविधियां** | 1.1 | प्रभारी/डीसीएस कार्मिक को दूध संकलन के लिए निर्धारित समय से कम से कम एक घंटे पहले रिपोर्ट करना चाहिए । |
| | 1.2 | दूध संकलन से पहले सभी दूध संकलन सहायक उपकरणों को साफ कर स्वच्छ बनाएं । |
| | 1.3 | दूध का सैंपल लेने के लिए स्वच्छ एवं सूखे सैंपल बोतलों का इस्तेमाल करना सुनिश्चित करें । |
| | 1.4 | स्वच्छ सैंपल ट्रे में सैंपल बोतलों को ढक्कन लगाए बिना उल्टा करके रख दें तथा बोतलों को सूखने दें । बोतल के ढक्कनों को भी स्वच्छ तथा सूखे स्थान में सूखने दें । |
| | 1.5 | दूध सैंपलर, प्लंजर या अन्य कोई सामान फर्श पर न रखें । इन्हें अलमारियों (शेल्फ) में रखें । |
| | 1.6 | सुनिश्चित करें कि दूध छानने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली नाइलोन की छननी तथा नाइलोन/मसलिन का कपड़ा स्वच्छ है तथा कट-फटा नही है । |
| | 1.7 | दूध प्राप्ति स्थान को उचित ढंग से व्यवस्थित करें तथा सुनिश्चित करें कि प्रिंटर लेखन सामग्री तथा अन्य आवश्यक सामग्रियां जैसे रासायनिक, अभिकर्मक, सफाई |

| क्या/चरण | कैसे/मानक |
|---|---|
| | करने के लिए सामान तथा सैनिटाइजर व्यवस्थित रखी गई हैं ।<br>1.8 सुनिश्चित करें कि सभी रासायनिकों/रिएजेंट का इस्तेमाल उनकी समाप्ति तिथि के अंदर किया जा रहा है।<br>1.9 उत्तम कार्मिक स्वच्छता को निम्नानुसार व्यवस्थित रखें:<br>1.9.1 उत्तम स्वास्थ्य में तथा स्वच्छ कपड़ा पहन कर कार्य पर उपस्थित हों तथा उत्तम स्वास्थ्य का पालन करें।<br>1.9.2 दूध का संकलन शुरू करने से पहले साबुन तथा पानी से हाथों को कलाइयों तक धोएं ।<br>1.9.3 नाखूनों को नियमित रूप से काट कर छोटा रखें ।<br>1.9.4 विशेष रूप से हाथों व कलाइयों पर यदि कोई खुला घाव या चोट हो तो दूध की हैंडलिंग करने से बचें ।<br>1.9.5 यदि सर्दी-जुखाम से पीड़ित हों तो दूध की हैंडलिंग करने से बचें ।<br>1.9.6 दूध संकलन गतिविधि के दौरान पुरूषों के बाल छोटे (उपयुक्त कपड़े/पगड़ी से ढके हुए) होने चाहिए तथा महिलाएं अपने बालों को बांध कर रखें ।<br><br>1.10 संकलन केंद्र के आस-पास निम्नलिखित तरीके से सामान्य सफाई तथा स्वच्छता का उच्च मानक बनाए रखें ।<br>1.10.1 संकलन केंद्र के अंदर विभिन्न स्थलों पर 'धूम्रपान मना है', 'तंबाकू खाना मना है', 'थूकना मना है' के संकेत या पोस्टर लगाएं तथा उनका सख्ती से पालन किया जाए ।<br>1.10.2 दूध प्राप्ति क्षेत्र से आवारा पशुओं को दूर रखें।<br>1.10.3 यह सुनिश्चित करते हुए आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखें कि डीसीएस/एमपीआई के आस-पास कूड़े तथा पानी का ढेर नहीं है ।<br>1.10.4 सुनिश्चित करें कि दूध संकलन क्षेत्र का इस्तेमाल हाथ धोने के लिए नहीं किया जा रहा है तथा इस प्रकार डीसीएस/एमपीआई के अंदर उचित स्थानों पर 'हाथ धोना मना है' संकेत या पोस्टर चिपकाए जाएं ।<br>1.10.5 डीसीएस/एमपीआई को स्वच्छ रखें तथा रख-रखाव व्यवस्थित करें ।<br>1.10.6 कार्य स्थल पर अवांछित सामग्री का ढेर न लगने दें। |

| क्या/चरण | कैसे/मानक |
|---|---|
| | 1.10.7 सुनिश्चित करें कि केंद्र पक्षियों, चूहों, कीटों, छिपकलियों, कीड़ों इत्यादि से पर्याप्त रूप से सुरक्षित है ।<br>1.10.8 सुनिश्चित करें कि दूध संकलन क्षेत्र में ढीले बिजली के तार नहीं लटक रहे हैं । सभी तार परस्पर भली-भांति व्यवस्थित (क्लिप्ड) हैं ।<br>1.10.9 सभी क्षेत्रों में विशेषकर शाम की संकलन पाली के दौरान प्रभारी यह सुनिश्चित करें कि प्रकाश से आकर्षित कीड़े दूध में न गिरें ।<br>1.10.10 दीवार पर सूचनापट्ट (नोटिस बोर्ड) में सभी महत्वपूर्ण सूचनाएं जैसे दूध के संकलन का समय, संकलन का मूल्य, पर्यवेक्षकों का संपर्क नं., एएच/एआई/आरबीपी नं. अनिवार्यतः प्रदर्शित किए जाएं । |
| **दूध परीक्षण उपकरण : इलेक्ट्रानिक (मिल्को-ओ- टेस्टर) तथा अल्ट्रासाउंड टेक्नोलाजी बेस्ड मिल्क एनेलाइजर (यूटीएमए)** | 1. मिल्क टेस्टर (ईएमटी)/मिल्क एनेलाइजर (यूटीएमए) को बैटरी से जोडे रखें ।<br>2. इससे सुनिश्चित होता है कि डाटा प्रोसेसर/कंप्यूटर प्रिंटर, यूपीएस तथा इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र भली-भांति काम कर रहे हैं ।<br>3. दूध संकलन से पहले मिल्क टेस्टर/मिल्क एनेलाइजर का स्विच चालू करें तथा कम से कम 30 मिनट तक गर्म होने दें ।<br>4. नियंत्रित सैंपल से मिल्क टेस्टर/मिल्क एनेलाइजर के परीक्षित परिणामों का विश्लेषण (अंशांकन) करें ।<br>5. पर्यवेक्षक को सूचित करें, यदि नियंत्रित सैंपल के अनुसार परीक्षण उपकरण सही परिणाम नहीं दर्शा रहे हैं । आगे बढ़ने के लिए पर्यवेक्षक के सुझाव का पालन करें ।<br>6. ईएमटी/मिल्क एनेलाइजर के अंशांकन को सही करने के लिए निष्पादित प्रत्येक कार्य की लॉग बुक में प्रविष्टि करें।<br>7. आपूर्तिदाताओं के प्रचालन/ प्रयोक्ता मैन्युअल में दिए गए ब्यौरे के अनुसार मिल्क टेस्टर/ मिल्क एनेलाइजर के लिए पूर्व-प्रचालनात्मक प्रक्रियाएं जैसे सिरिंज को वायुरोधी बनाना तथा जीरो जांच करना । |
| **दूध तोलमापक यंत्र उपकरण** | 1. सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र को उचित बिजली आपूर्ति तथा अर्थिंग उपलब्ध कराई गई है । |

| क्या/चरण | कैसे/मानक |
|---|---|
| | 2. सुनिश्चित करें कि तोलमापक यंत्र की संतुलन घुंडी सतह/फर्श पर ठीक से रखी गई है ।<br>3. इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र का स्विच चालू करें तथा उसे दूध संकलन शुरु होने के कम से कम 30 मिनट पहले गर्म होने दें ।<br>4. सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र लीगल मेट्रोलॉजी विभाग द्वारा वार्षिक तौर पर अंशांकित तथा प्रमाणित किया गया है ।<br>5. सुनिश्चित करें कि इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र स्वचालित भार खाली/शून्य (टेयर) पर स्थित है । |
| **दूध संकलन, सैंपल लेना तथा परीक्षण करना** | 1. दूध डालने वाले सदस्यों को पंक्ति का पालन करने के लिए कहें ।<br>2. उत्पादकों द्वारा लाया गया दूध सूंघें । दुर्गंध आने पर दूध लेने से मना कर दें ।<br>3. दूध में किसी बाहरी सामग्री जैसे कि धूल, बाल, मरी मक्खी, भूसा इत्यादि की जांच करें तथा यदि दूध में बाहरी सामग्री पाई जाती है तो उत्पादक को चेतावनी दें।<br>4. दूध उत्पादकों को सलाह दें कि डीसीएस/एमपीआई में दूध लाने से पहले स्वच्छ फिल्टर का प्रयोग करके दूध को छानें ।<br>5. दूध में मिलावट की जांच करें तथा यदि संदेह हो, तो उसे परीक्षण के लिए अलग रखें । यदि मिलावट पाया जाता है तो उसे लेने से मना कर दें ।<br>6. दूध के संकलन के दौरान दूध के संपर्क में आने से बचें।<br>7. सैंपल लेने वाले बोतल में सैंपल लेने से पहले उत्पादक के बर्तन में रखे दूध को धीरे से हिलाएं ।<br>8. सदस्य के बर्तन से दूध का सैंपल लें और सैंपल बोतल में सावधानी से डालें ताकि दूध फैल न पाए ।<br>9. सैंपल बोतल पर सदस्य कोड संख्या लिखें।<br>10. नंबर वाले सैंपल ट्रे पर सैंपल रखें।<br>11. चरण - यदि डीपीएमसीयू (आरईआईएल) उपलब्ध है<br>11.1 प्रणाली को केवल ऑटो मोड में प्रचालित करें ।<br>11.2 इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र का खाली भार (टेयर) करें तथा सदस्य को तोलमापक यंत्र पर रखे बर्तन में दूध डालने के लिए कहें ।<br>11.3 प्रणाली में सदस्य कोड सहित दूध की मात्रा रिकॉर्ड करें। |

| क्या/चरण | कैसे/मानक |
| --- | --- |
| | 11.4 ईएमटी का उपयोग करते हुए %फैट के लिए दूध के सैंपल का परीक्षण करें।<br>11.5 दूध का सैंपल सावधानीपूर्वक लैक्टोमोटर जार में डालें, और अंशांकित लैक्टोमीटर की सहायता से एलआर की रीडिंग लें ।<br>11.6 ईडब्ल्यूएस द्वारा ईएमटी, एलआर रीडिंग और दूध की मात्रा से %फैट के परिणाम डीपी पर रिकॉर्ड/कैप्चर करें ।<br>11.7 दूध के बिल की पर्ची निकालकर सदस्य को सौंपे ।<br>12. चरण - यदि मिल्क एनेलाइजर सहित डीपीएमसीयू उपलब्ध है<br>12.1 प्रणाली को केवल ऑटो मोड में प्रचालित करें ।<br>12.2 सदस्य कोड को चुनें।<br>12.3 इलेक्ट्रानिक तोलमापक यंत्र का खाली भार करें और सदस्य को तोलमापक यंत्र पर रखे बर्तन में दूध डालने को कहें ।<br>12.4 सदस्य कोड दर्ज करें और सदस्य कोड के सम्मुख प्रणाली में फैट% के लिए दूध के सैंपल का परीक्षण आंकड़ा (टेस्ट डाटा) रिकॉर्ड/कैप्चर करें ।<br>12.5 उत्पादक दूध रसीद निकालने के लिए प्रोग्राम रन कराएं।<br>12.6 पर्ची निकालकर उसे सदस्य को सौंप दें।<br>13. गांव में पशु के ब्याने पर नजर रखें और सदस्यों को सूचित करें कि वे ब्याने के सात दिन होने से पहले, हाल ही ब्याए पशु का दूध केंद्र में न लाएं ।<br>14. सुनिश्चित करें कि सदस्यों द्वारा दूध लाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला बर्तन स्वच्छ तथा विशेषकर एसएस का बना और ढक्कन युक्त है ।<br>15. उत्पादकों को सलाह दें कि वे प्लास्टिक के डिब्बों/जेरी कैन/पेन्ट के खाली डिब्बों में दूध न लाएं ।<br>16. सुबह के साथ शाम की डिलीवरी या इसके विपरीत डिलीवरी की मिक्सिंग (मिलावट) की जाँच करने के लिए सुबह / शाम दोनों पाली में प्रत्येक सदस्य द्वारा डाले जा रहे औसत दूध की मात्रा पर ध्यान दें।<br>17. सुबह और शाम दोनों समय दूध संकलन का समय निर्धारित कर उनका नियमित रूप से पालन करें । |

| क्या/चरण | कैसे/मानक |
|---|---|
| **दूध संकलन के बाद की गतिविधियां** | 1. दूध की कुल संकलित मात्रा सहित दूध संकलन सारांश शीट तैयार / जेनरेट करें ।<br>2. कैन से सही तरीके से निकालने के बाद गाय/भैंस का अलग-अलग समग्र दूध सैंपल निकालें तथा उसका फैट / एसएनएफ के लिए परीक्षण करें । क्रय रजिस्टर के साथ-साथ प्रेषण चालान में परिणाम को रिकार्ड करें ।<br>3. दूध के कैन बंद करके सील करें ।<br>4. सभी दूध संकलन सहायक उपकरण साफ करें और उसे स्वच्छ तथा सूखे स्थान पर रखें ।<br>5. संकलन बोतलों को साफ करें ताकि बोतल दूध के ठोस निशान से मुक्त हो सके ।<br>6. निर्धारित समय सीमा का पालन करते हुए या हेड लोड व्यवस्था के माध्यम से / या निर्दिष्ट मार्ग से वाहन द्वारा बीएमसी स्थान पर दूध के कैन का परिवहन करें ।<br>7. यह सुनिश्चित करें कि दूध कैन से दूध परिवहन के दौरान नहीं गिरता है ।<br>8. संकलन वाहन द्वारा दूध के परिवहन के संबंध में सुनिश्चित करें कि वाहन के आगमन से पहले दूध के कैन सील हैं और प्रेषण के लिए तैयार हैं। भरे हुए दूध के कैन को छायेदार स्थान / शेड के नीचे रखें ।<br>9. वाहन के आगमन पर - कैन के ढक्कन खोलें और बीएमसी स्थान पर रखे तोलमापक यंत्र पर दूध का कैन रखें ।<br>10. बीएमसी / सीसी में दूध डालने के बाद साफ दूध कैन में वापस संकलित करें ।<br>11. ढक्कन खोलें और दूध के कैन को उल्टा करके संकलन केंद्र में किसी सूखे स्थान पर रखें। ढक्कन कैन के ऊपर इस प्रकार रखें ताकि कैन/ढक्कन पर धूल न जमे । |